# उत्तर प्रदेश : अक्षय ऊर्जा का केंद्र



उत्तर प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने एवं ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर स्थापित करने के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है। सौर एवं जैव ऊर्जा नीति-2022 तथा ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत विभिन्न प्रकार की सहूलियतें, सब्सिडी एवं इंसेंटिव की व्यवस्था की गयी है, जिससे उत्साहित होकर देश-विदेश की कम्पनियों ने रिकॉर्ड निवेश किया है। जीबीसी 4.0 में 182 ऐसी परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं, जो आने वाले दिनों में 'नेट जीरो' मिशन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। साथ ही, योगी सरकार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से सोलर सिटी, रुफ टॉप सोलर और पंप स्टोरेज जैसे प्रोजेक्ट को तीव्र गति से अमलीजामा पहना रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर योजना के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल गई है। खेतों में सोलर पंप से सिंचाई ने कृषि लागत को कम किया है। बाजार एवं सड़कें जगमगा रही है। प्राथमिक विद्यालयों में सोलर आरओ से स्कूली बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हुआ है। बुंदेलखंड 15,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं से प्रदेश का 'सोलर पावर सेंटर' बनने जा रहा है। इन सभी प्रयासों से रोजगार एवं नौकरी के लाखों अवसर सृजित हो रहे हैं। परम्परागत ऊर्जा के स्रोतों पर निर्भरता भी लगातार कम हो रही है।



सौर ऊर्जा उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष 5 राज्यों में शामिल

देश में बायोमास ऊर्जा उत्पादन में दूसरे स्थान पर

पीएम कुसुम योजना के तहत प्रदेश के 36 जनपदों के चिन्हित 942 सब स्टेशन्स पर 3205 मेगावाट क्षमता की सौर पावर परियोजना की स्थापना का कार्य प्रक्रियाधीन

पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत प्रदेश में 51,720 सोलप पम्पों की स्थापना

उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा का कुल उत्पादन 4230 मेगावॉट है, जिसमें 2638 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन यूटिलिटी स्केल के माध्यम से हो रहा है

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को 'सोलर एक्सप्रेसवे' के रूप में विकसित किया जा रहा है

**प्रक्रियाधीन सौर परियोजनाओं से उत्पादन**

8 सौर ऊर्जा पार्क : 3710 मेगावाट बिजली,
5 फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजना : 534 मेगावाट बिजली
ओपन एक्सेस : 2600 मेगावाट सौर ऊर्जा

सरकारी भवन एवं अन्य आवासों पर स्थित सोलर रुफटॉप से 384 मेगावाट बिजली का उत्पादन

## प्रमुख प्रोजेक्ट - सौर ऊर्जा

| जनपद | कंपनी | क्षमता |
|---|---|---|
| जालौन | बीएसयूएल | 1200 मेगावाट |
| झांसी | टस्को | 600 मेगावाट |
| सहारनपुर | फोर्थ पार्टनर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड | 100 मेगावाट |
| झांसी / ललितपुर | सन सोर्स एनर्जी | 45 मेगावाट |
| ललितपुर | टस्को | 600 मेगावाट |
| चित्रकूट | टस्को | 800 मेगावाट |
| महोबा | टीएचडीसी | 464 मेगावाट |



उत्तर प्रदेश के नगर निगम

मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित अयोध्या

ललितपुर, झाँसी, जालौन और चित्रकूट में एनएचपीसी, टीएचडीसीआईएल और एसईसीआई के संयुक्त उद्यम से 3565 मेगावाट के सोलर पार्कों के विकास की योजना

## पीएम सूर्य घर योजना से जगमग होंगे 25 लाख घर

### 300 यूनिट मुफ्त बिजली

पीएम सूर्य घर योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 25 लाख घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जायेंगे, जिससे हर घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए अब तक 18 लाख रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। योजना से लोगों को पर्याप्त बिजली मिलेगी, बिल कम होगा, आमदनी बढ़ेगी और रोजगार सृजन होगा।

| संयंत्र की क्षमता (रु.) | केंद्र सरकार का अनुदान (रु.) | राज्य सरकार का अनुदान (रु.) | कुल अनुमन्य अनुदान (रु.) |
|---|---|---|---|
| 1 किलोवाट | 30,000 | 15,000 | 45,000 |
| 2 किलोवाट | 60,000 | 30,000 | 90,000 |
| 3 किलोवाट | 78,000 | 30,000 | 1,08,000 |
| 4 किलोवाट | 78,000 | 30,000 | 1,08,000 |
| 5 किलोवाट | 78,000 | 30,000 | 1,08,000 |

- प्लांट की अनुमानित लागत रु. 60,000 प्रति किलोवाट।
- सोलर पैनलों की कार्य क्षमता अवधि लगभग 25 वर्ष।
- 3KW का प्लांट मात्र रु. 1800/- की आसान ईएमआई पर।
- मात्र 7% की ब्याज दर पर बैंक लोन।
- सोलर प्लांट कमीशनिंग के उपरांत सब्सिडी डी.बी.टी. द्वारा सीधे लाभार्थी के खाते में
- बिजली बिल के दो तिहाई तक की बचत।
- उत्तर प्रदेश में 60,000 सूर्य मित्र नियुक्त किये जायेंगे, अब तक 6000 सूर्य मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।
- योजना का लाभ उठाने के लिए https://pmsuryaghar.gov.in/ पर आवेदन किया जा सकता है
- समस्या/शिकायत के निवारण हेतु वेबसाइट https://upnedasolarsamadhan.in पर जा सकते हैं।

## हरित हाइड्रोजन प्रोत्साहन और सब्सिडी

### पूंजी सब्सिडी

- कुल परियोजना लागत पर 30% तक, प्रति परियोजना अधिकतम 150 करोड़। पहली पाँच परियोजनाओं को 40% तक की छूट मिल सकती है, जिसकी अधिकतम सीमा 225 करोड़ है।

### भूमि एवं जल संसाधन प्रोत्साहन

- रियायती दरों पर भूमि स्टाम्प शुल्क पर 100% छूट।
- कैप्टिव सौर ऊर्जा संयंत्रों के लिए भूमि आवंटन का प्रावधान।

### बिजली आपूर्ति प्रोत्साहन

- प्रथम 10 वर्षों के लिए विद्युत शुल्क, अंतर-राज्यीय व्हीलिंग, ट्रांसमिशन और क्रॉस-सब्सिडी अधिभार पर 100% छूट।

### व्यापार करने में आसानी

- सरलीकृत पर्यावरणीय मंजूरी, एक समर्पित एकल-खिड़की पोर्टल और निवेश को समर्थन देने के लिए भूमि बैंक और ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे की स्थापना

## प्रमुख प्रोजेक्ट - हरित हाइड्रोजन

| कंपनी | निवेश (करोड़ रुपये में) | रोज़गार | जगह |
|---|---|---|---|
| ट्राफलगर स्क्वायर कैपिटल | 41000 | 250 | लखनऊ |
| वेलस्पन ग्रुप | 40000 | 3500 | बुलंदशहर |
| हाइजेन्को ग्रीन एनर्जीज़ प्राइवेट लिमिटेड | 16000 | 50 | प्रयागराज |
| सृष्टि समूह | 5000 | 2000 | जीबी नगर |
| टोरेंट पावर लिमिटेड | 4000 | 250 | लखनऊ |
| यूनिकॉर्न एनर्जी जर्मनी | 4000 | 1000 | जौनपुर |
| ओपेरा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड | 2500 | 500 | शाहजहांपुर |
| नेक्सजेनर्जिया | 1350 | 10000 | जीबी नगर |
| यूनिकॉर्न एनर्जी जर्मनी | 500 | 1000 | लखनऊ |
| मेसर्स बॉन ग्रीन एच2 टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | 470 | 150 | मेरठ |
| रुद्र गैस एंटरप्राइज प्राइवेट लिमिटेड | 200 | 100 | गोरखपुर |
| जीरो फुटप्रिंट इंडस्ट्रीज लिप | 150 | 250 | रामपुर |
| इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड | 140 | 27 | गाजियाबाद |
| दिव्य बायोक्लीन फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड | 60 | 150 | बलिया |
| ध्रुव बायोफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड | 30 | 40 | बरेली |
| ओम चावल उद्योग | 2 | 10 | पीलीभीत |
| कुल | 115402 | 19277 | |

हिन्दुस्तान मीडिया मार्केटिंग इनीशिएटिव